an>

title: Need to strengthen International Maritime Border along Pakistan.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे मछुआरों के बारे में महत्वपूर्ण विषय उठाने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। भारत का समुद्री तट बहुत लंबा है। मैं गुजरात से आता हूं। गुजरात में 1600 किलोमीटर लंबा समुद्री तट है। गुजरात, तमिलनाडु के मछुआरे अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए समुद्र में दूर तक जाते हैं। ...(व्यवधान) उनको पाकिस्तान या श्रीलंका कोस्ट गार्ड पकड़ते हैं और उनके लिए मुश्किल पैदा हो जाती है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी श्रीलंका गए थे, इससे पहले श्रीलंका सरकार ने 86 मछुआरों को रिहा किया था। इसी तरह पाकिस्तान के साथ सैकेट्री लैवल की बातचीत के पहले 172 मछुआरों को रिहा किया गया था। मछुआरे रोजी रोटी कमाने के लिए समुद्र तट में जाते हैं। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि समुद्र तट का आकलन किया जाए ताकि मछुआरों को मुश्किल न हो।

एचएसबी तेल मछुआरों को नाव चलाने के काम में आता है, वीपीएल लोगों को माफी दी गई है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि सभी मछुआरों को एचएसबी तेल मुफ्त दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री निशिकान्त दुबे और

श्री रवीन्द्र कुमार जेना को डॉ. किरीट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

I am sorry.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Now Shri K.C. Venugopal.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No, this is not the way. I am sorry.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri K.C. Venugopal has another issue.

...(*Interruptions*)